36 वर्षीय जडेजा के फ्यूचर प्लान पर अफवाहों का सिलसिला जारी रहा। हालांकि, भारत के स्टार ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा अब रिटायरमेंट की अटकलों को लेकर चुप्पी तोड़ी है। - रविन्द्र जडेजा

भारतीय क्रिकेटर रविन्द्र जडेजा ने रिटायर्ड की अटकलों पर अपनी बात कही।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

स्नेह राणा

विमेंस प्रीमियर लीग के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 11 रन से हरा दिया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 3 विकेट खोकर 199 का स्कोर बनाया। कप्तान स्मृति मंधाना ने 53 रन की पारी खेली। मंगलवार को 200 रन का पीछा कर रही मुंबई की टीम 20 ओवर 9 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी। नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मुंबई इस हार के बावजूद खिताबी रेस में शामिल है।

क्या आप जानते हैं ?... सचिन ने 345 पारियां में 17113 रन बनाने में सफल रहे, तेंदुलकर वनडे और टेस्ट में दुनिया में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा नंबर-3 बल्लेबाज:शुभमन पहले नंबर पर कायम

बॉलर्स में जडेजा की टॉप-10 में एंट्री, कुलदीप तीसरे स्थान पर

दुबई । वनडे बैटर्स रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अभी भी टॉप पर बने हुए हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में

- **अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 676 रेटिंग पॉइंट के साथ 10वें नंबर पर हैं**

76 रन की शानदार पारी खेलने वाले रोहित शर्मा को की ताजा वनडे रैंकिंग में 2 पायदान का फायदा हुआ।बुधवार को जारी रैंकिंग में रोहित ने विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन को पीछे छोड़ा। रोहित की रेटिंग बढ़कर 756 हो गई है। विराट 5वें स्थान पर खिसक गए हैं।

बॉलर्स रैंकिंग में स्पिनर कुलदीप यादव को 3 और कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर को 6 स्थान का फायदा हुआ। कुलदीप तीसरे और सैंटनर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। रवींद्र जडेजा की टॉप-10 में एंट्री हुई है। वह 13वें से 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

बाबर अब भी टॉप-2 बल्लेबाज पाकिस्तान के बाबर आजम 770 पॉइंट के साथ नंबर दो पर जमे हुए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे अब 721 रेटिंग पॉइंट के साथ छठे स्थान पर चले गए हैं। आयरलैंड के हैरी टैक्टर एक पायदान नीचे गिरकर नंबर 7 पर चले गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर 8वें स्थान पर बरकरार हैं। श्रीलंका के चरिथ असलंका 694 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर बने हुए हैं।

अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 676 रेटिंग पॉइंट के साथ 10वें नंबर पर हैं। बल्लेबाजों में टॉप-10 में 4 भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज शामिल हैं। रोहित, शुभमन, विराट और श्रेयस अय्यर रैंकिंग के टॉप-10 में हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ने 14 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। रचिन अब 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के केएल राहुल एक स्थान नीचे गिर गए हैं और 16वें पायदान पर चले गए हैं।

बेंगलुरु ने मुंबई को 11 रन से हराया:स्मृति मंधाना की फिफ्टी, स्नेह राणा को 3 विकेट; सिवर ब्रंट ने 69 रन बनाए

ब्रेबोर्न । वमेंस प्रीमियर लीग के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 11 रन से हरा दिया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 3 विकेट खोकर 199 का स्कोर बनाया। कप्तान स्मृति मंधाना ने 53 रन की पारी खेली।

मंगलवार को 200 रन का पीछा कर रही मुंबई की टीम 20 ओवर 9 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी। नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मुंबई इस हार के बावजूद खिताबी रेस में शामिल है। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन जीत के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

मंधाना की फिफ्टी, ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन बनाए बेंगलुरु की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट पर 199 रन बनाए। टीम से कप्तान स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। 37 गेंद की पारी में उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के भी लगाए। एलिस पैरी ने 38 गेंद में 49 रन की नाबाद पारी खेली।

ऋचा घोष ने 22 गेंद में 36 रन बनाए। वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 10 गेंद में 31 रन बनाकर नाबाद रहीं। ओपनर सबनेनी मेघना ने 13 गेंद में 26 रन बनाए। मुंबई इंडियंस से हैली मैथ्यूज को 2 और अमेलिया केर को एक विकेट मिला। ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन जोड़े। नैट सिवर ब्रंट को साथ नहीं मिला लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए सिवर ब्रंट ने 69 रन की बेहतरीन पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। आखिरी ओवरों में सजीवन संजना (23 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (20 रन), हैली मैथ्यूज (19 रन) और अमनजोत कौर (17 रन) को शुरुआत अच्छी मिले लेकिन वे सभी अपनी पारी को लंबी नहीं कर सकी। स्नेह राणा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। किम गार्थ और एलिस पेरी को 2-2 विकेट मिले।

खेल परिषद में पहली बार फागोत्सव मनाया

जयपुर, 12 मार्च। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के इतिहास में पहली बार

- **खेल परिषद के अध्यक्ष डा. नीरज के. पवन ने की पहल**
- **अधिकारियों, प्रशिक्षको और कर्मचारियों ने एक दूसरे को लगाया गुलाल**

फागोत्सव का आयोजन किया गया। अधिकारियों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों ने एक दूसरे के गुलाल लगाया और गले मिलकर बधाईया दी। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए क्रिकेट अकादमी में आयोजित इस फागोत्सव में होली के गानो पर सभी झुम उठे। प्रोठाामर संजय जैन ने होली के गाने गाकर समा बांध दिया। इस दौरान सभी नाचने गाने लगे। डा. नीरज के पवन ने इस अवसर पर कहा कि सभी अधिकारियों, प्रशिक्षकों और कर्मचारियों को होली की शुभकामंनाए देते हुए कहा कि साल भर आपके जीवन में खुशिया और उल्लास बना रहे।

इसी तरह से आप खुशिया मनाते रहे और हसते खेलते जीवन बसर करें। इससे पूर्व उन्होने भगवान गोविन्द देव जी की तस्वीर पर पुष्प चढाए और सभी के लिए मंगल कामनाए की। सभी ने डा. नीरज के पवन को तिलक व गुलाल लगाया। हर्षोल्लास के साथ होली मनाने के बाद परिषद की ओर से अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। डा. नीरज के पवन के अलावा युवा मामले एवं खेल विभाग की उप शासन सचिव अनिता मीणा, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया,, खेल परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा, खेल विभाग की वरिष्ठ लेखाधिकारी नीलम राठौड़, मुख्य खेल अधिकारी विरेन्द्र पूनिया, खेल अधिकारी करण सिंह शेखावत, खेल प्रबन्धक रणविजय सिंह चम्पावत, अनिरुद्ध जगधारी, नरेंद्र भूरिया, जनसंपर्क अधिकारी तेजराज सिंह सहित सभी प्रशिक्षकगण कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

राजस्थान रॉयल्स के राजस्थान में खेले जाने वाले आईपीएल मैचों के टिकट अब बुकमाईशो पर उपलब्ध

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ने आधिकारिक तौर पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल 2025 के अपने पहले दो घरेलू मैचों के लिए टिकट बिक्री शुरू कर दी है। 13 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और 19 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स फैंस अपने टिकट बुकमाईशो और राजस्थान रॉयल्स की आधिकारिक वेबसाइट पर खरीद सकते हैं।

युवाओं के लिए क्रिकेट को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, रॉयल्स एक बार फिर छात्रों के लिए 500 रुपये की स्पेशल टिकट कैटेगरी पेश कर रहा है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि युवा फैस लाइव आईपीएल एक्शन के रोमांच का अनुभव प्राप्त कर सके। जनरल स्टैंड टिकट की कीमत 1500 रुपये से शुरू होती है, जबकि प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी टिकट 9000 रुपये से शुरू होती है।

इन रोमांचक मैचों की हाई डिमांड को देखते हुए, फैंस को जल्दी बुकिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, क्योंकि टिकट की कीमतें उपलब्धता के आधार पर समायोजित होंगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर
कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283, फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rssjaipur@gmail.com

क्रमांक :- एफ.8/स.अ./2243 दिनांक :- 11/03/2025

निविदा सूचना संख्या 97/2024-25

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर की ओर से Electrical Related Work for Fountain at SMS Stadium, Jaipur में कार्य हेतु राजकीय/केन्द्र विभागों में पंजीकृत संवेदको से सील बन्द लिफाफों में एतद् द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा से संबंधित सम्पूर्ण विवरण **http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in** पर देखी जा सकती है।

UBN No. :- RSC2425WSOB00056

राज.संवाद/सी/24/13134 सचिव

कार्यालय-प्रधानाचार्य श.क. जेपी जानू पीएमश्री राउमावि, झुंझुनूं
क्रमांक-719 दिनांक-12.03.2025

निविदा सूचना

प्रधानाचार्य शहीद कर्नल जेपी जानू पीएमश्री राउमावि. झुंझुनूं के अधीन कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास टाईप-3, झुंझुनूं के लिये furniture/bedding/ TLMs की आपूर्ति हेतु पंजिकृत फर्मो से (5 लाख राशि हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से) अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं शर्ते http:sppp.raj.nic.in तथा http:eproc.rajasthan.gov.in पर एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

On Line NIB Code- RSE2425A1307
On Line UBN-RSE2425GSRL02631

प्रधानाचार्य
शहीद कर्नल जे.पी. जानू
रा.उ.मा. विद्यालय, झुंझुनूं

आम सूचना मेरे अभिभाष्यगण पदम चन्द जैन पुत्र स्व. खैराती लाल व प्रेमलता पत्नि पदम चन्द जैन निवासी-2 विकास मार्ग, मानसिंहपुरा टोंक रोड, लाल कोठी जयपुर की ओर से एवं उनके निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र महेन्द्र कुमार जैन जो कि मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं हैं इसलिये मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र महेन्द्र कुमार जैन को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इसलिये मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र का उनकी समस्त अचल-अचल सम्पत्ति से कोई लेना देना नहीं है अगर कोई भी व्यक्ति, संस्था, सर्वेन्ट, एजेन्ट किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र महेन्द्र कुमार जैन से करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी, अतः सूचित रहे।
जयपुर (गोविन्द सिंह चन्द्रावत) एडवोकेट
दिनांक-12.03.2025 मो. 7737471816

खोया पाया

मेरे मकान नम्बर 105/158 प्रताप नगर, सागानेर, जयपुर का ओरिजनल परचुअल लीज डीड (RHB) कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। मंजूलता 9214094701

मेरे आवास 10/227, स्वर्ण पथ, मानसरोवर के मूल दस्तावेज मुख्यारनामा आम एवं अलोटमेंट लैटर (जो कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा पार्वती श्रीवास्तव के नाम से आवंटित है) कहीं खो गये हैं कृपया मिलने पर सूचित करें-7062455789

मेरे भूखण्ड संख्या जे 342 जेडीए की योजना अभिनव विहार विस्तार जयपुर का जेडीए से जारी मूल आवंटन पत्र कही खो गया है सूचित करें- संतोष चौहान मो. - 99289482 15

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 9/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री बबली सिंह मीणा पुत्र श्री रामराज मीणा निवासी एल.आई.जी. सैक्टर 05 एन.ई.बी. विस्तार जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मत्स्य सोशल वैलफेयर सोसायटी, फैट नम्बर 28, द्वितीय तल, ब्लॉक-सी, एलआईजी सैक्टर 06, एनईबी एक्सटेंशन, तहसील व जिला अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा

नाम परिवर्तन

मैं आर्मी नम्बर JC491926X Sub. Om Parkash S/o Gheru Ram R/o House No. S-16, New Officer Colony, 5Z, Sadhuwali, Ganganagar, Rajasthan 335001 आर्मी सर्विस रिकोर्ड मे मेरी धर्मपत्नी का नाम Kilash गलत दर्ज है सही Kailash Devi. Vide Affidavit BX 080522 Jaipur. Dated 11.03.2025

मैंने मेरा नाम अब्दुल रहमान (Abdul Rhaman) पुत्र अब्दुल हमीद से बदलकर अब्दुल रहमान (Abdul Rahman) पुत्र अब्दुल हमीद रख लिया है, भविष्य में मुझे अब्दुल रहमान (Adbul Rahman) के नाम से जाना जावें, पता-2362, मीनो का मोहल्ला, तोपखाना हुजूरी, घाटगेट, जयपुर

मैंने अपना नाम अरवीणा मिश्रा से बदलकर अरवीणा शर्मा पत्नि डॉ. हीरेन्द्र कुमार शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-176, भगवती नगर प्रथम, करतारपुरा, जयपुर

मैं सोमेन्द्र सिंह सोलंकी पुत्र श्री हरी बाबू सिंह सोलंकी निवासी 53 सांई कृपा फ्रेंड्स कॉलोनी सिरसी रोड पांच्यावाला जयपुर। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजात में सोमेन्द्र सिंह अंकित है। भविष्य में मुझे सोमेन्द्र सिंह सोलंकी पुत्र श्री हरी बाबू सोलंकी के नाम से जाना जावें। मो. 7791850007

I, Kaushalya Punia W/o Ex No. 7071815, CFN Mahadeo Lal, EME, have declared change of name and correction in DOB from Kowsalya Devi (DOB: 10 Feb 1948) to Kaushalya Punia (DOB 25 Jan 1950) vide affidavit dated 11 Mar 2025 before District Notary Jaipur.

I, Lakshmi mother of No. 8037902K LNK (GD) Shanmuganathan T R/o vill: Gokulam Garden Senthan Palayam, Po: MGC Palayam, Teh. Annur, PS: Annur, Dist: Coimbatore, State. Tamilnadu, PIN 641107 have changed my name from Lakshml to T Lakshmi and date of birth also changed from 19 March 1962 to 26 March 1959 Vide affidavit No. BX 301385 Date 01.03.2025 (Jaipur)

टेंडर सूचना

दरगाह हजरात दाता अमानीशाह जयपुर में दिनांक 15.03.2025 से झूले के टेंडर फार्म भरे जाकर दिनांक 20.03.2025 को खोले जाएंगे अधिक जानकारी के लिए कमेटी के दफ्तर में संपर्क करें।

सदर जमील उर्रहमान फारूकी
इन्तेजामियां वक्फ कमेटी
दरगाह अमानीशाह जयपुर
मो.नं. 9887747786

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री जगदीश वेद निवासी- प्लाट नंबर 49, ग्राउण्ड फ्लोर पशुपति एनक्लेव, गणेश विहार सिरसी रोड जयपुर (राज.) की है तथा मेरे अभिभाष्या के पुत्रान राहुल वेद, बाबू वेद उसके कहने में नहीं है और इनका आचरण सही नहीं है इस कारण मेरी अभिभाष्या अपने पुत्रान को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है और भविष्य में मेरी अभिभाष्या का उनसे किसी प्रकार से कोई संबंध नहीं है मेरी अभिभाष्या ने माता पुत्र के संबंध विच्छेद कर लिये है अगर कोई व्यक्ति या संस्था इनसे किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा।
जयपुर (मनोज अजमेरा) एडवोकेट
दिनांक-12.03.2025 मो.नं. 9828225338

सार्वजनिक सूचना/ विज्ञप्ति **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक/ज.वि.प्रा./ जा./ जोन-4 / 2025 / डी-5066 दि. 04.03.25
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिवम गुप्ता पुत्र श्री बालकिशन गुप्ता द्वारा जय जवान गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नं. 2 के भूखण्ड संख्या 24 का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में पूर्व में इस कार्यालय द्वारा जय जवान गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नं. 2 के भूखण्ड संख्या 24, क्षेत्रफल 352.39 वर्गगज का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पटटा श्रीमती अरुणा भटनागर पत्नी श्री बी. एस. भटनागर के पक्ष में क्रमांक डी-1442 दिनांक 11.04.2022 को जारी किया गया, जिसे उप पंजीयक जयपुर नवम के यहां दिनांक 20.04.2022 को पंजीबद्ध करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती अरुणा भटनागर पत्नी श्री बी. एस. भटनागर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2022 के आधार उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती अनिता खण्डेलवाल पत्नी श्री राकेश खण्डेलवाल को कर दिया गया। तत्पश्चात श्रीमती अनिता खण्डेलवाल पत्नी श्री राकेश खण्डेलवाल द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.12.2022 के आधार पर उक्त भूखण्ड का बेचान श्री शिवम गुप्ता पुत्र श्री बालकिशन गुप्ता को कर दिया गया। उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। उपायुक्त जोन-4 जविप्रा जयपुर।

सूचना श्री मनमोहन लाल गुप्ता पुत्र स्व.श्री गोकुल नारायण जी निवासी 71 ए चंद्र कला कॉलोनी फार्थ ऐवेंयू दुर्गापुरा जयपुर का देहावसान दिनांक 24.9.2024 को हो गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी श्रीमति कांता देवी एवं पुत्र दीपक गुप्ता है, जो कि उनके विधिक उत्तराधिकारी है। किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन में मोबाईल सं. 9828055211 पर दर्ज करावें।
दीपक गुप्ता, एडवोकेट
मो.-9828055211

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांकः जविप्रा/जोन- **विज्ञप्ति** दिनांकः 11.03.2025
जोन-8/2025/डी-55
आवेदक श्री विकास जैमन पुत्र श्री रमेश चन्द शर्मा द्वारा निजी खातेदारी की योजना नारायण विहार के भूखण्ड संख्या 40 क्षेत्रफल 173.33 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। निजी खातेदारी की योजना नारायण विहार के भूखण्ड संख्या 40 क्षेत्रफल 173.33 वर्गगज की लीजडीड दिनांक 14.05.2015 के द्वारा श्री मुकेश खण्डेलवाल एचयूएफकर्ता मुकेश खण्डेलवाल के नाम जारी की गई। तत्पश्चात इनके द्वारा दिनांक 08.01.2019 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड सम्पूर्ण का बेचान श्री आलोक कुमार पुत्र श्री नाथू लाल गुप्ता को बेचान किया गया। तत्पश्चात इनके द्वारा दिनांक 23.03.2019 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड सम्पूर्ण का बेचान श्रीमती प्रेम देवी पत्नी श्री रामचन्द शर्मा को बेचान किया गया। तत्पश्चात इनके द्वारा दिनांक 12.08.2022 को जरिये रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से उक्त भूखण्ड सम्पूर्ण का बेचान आवेदक श्री विकास जैमन पुत्र श्री रमेश चन्द शर्मा को बेचान किया गया।
इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ हितधारी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद मियाद आवेदक के पक्ष में लीजडीड/ नाम हस्तान्तरण पत्र जारी कर दिया जायेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। उपायुक्त जोन-8 जविप्रा, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक फ्लेट नम्बर-104 फर्स्ट फ्लोर, प्लाट नम्बर 619, 620 विद्युत नगर-ए अजमेर रोड, जयपुर राज. में स्थित है, जिस पर मेरे पिताजी श्री गौरव माथुर ने एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त फ्लेट के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे है। यह कि मेरे पिताजी श्री गौरव माथुर का दिनांक 08.05.2022 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लेट के पेटे लिये हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है इसलिए अब मैं उक्त फ्लैट क असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहता हूँ यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तोमय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचीएफसी लिमिटेड भगवानदास रोड, सी-स्कीम, जयपुर (फोन नम्बर 9409767967 से सम्पर्क करें। सूचित रहे।
दिनांक-12.03.2025 मुदित माथुर
निवासी फ्लेट नम्बर 104 फर्स्ट फ्लोर, प्लाट नम्बर 619, 620 विद्युत नगर-ए अजमेर रोड, जयपुर राज., मो.नं. 7984516484

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-6731 दिनांक-25.02.2025

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 64/308 (EWS), (एरिया 36.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मोहन लाल खिंची पुत्र श्री गिरधारी लाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 547 दिनांक 10.02.1992 को जारी किया गया। श्री महेन्द्र कुमार भागवानी पुत्र श्री रूप चन्द भागवानी के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 500/7649 दिनांक 01.03.2007 के द्वारा किया गया। श्री महेन्द्र कुमार भागवानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 17.11.2007 को उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री महेन्द्र कुमार भागवानी द्वारा उक्त आवास दिनांक 07.06.2010 को श्रीमती रूकमणी पत्नी श्री रणवीर सिंह एवं श्रीमती वेगी कँवर पत्नी श्री बलवीर सिंह चौहान को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती रूकमणी एवं श्रीमती वेगी कँवर द्वारा उक्त आवास दिनांक 10.02.2023 को श्रीमती पिंकी शर्मा पत्नी श्री मनोज उपाध्याय को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर द्वितीय जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती पिंकी शर्मा द्वारा उक्त आवास दिनांक 10.01.2025 को श्रीमती मोना देवी पत्नी श्री संजय जैन को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/ क्रेती श्रीमती मोना देवी पत्नी श्री संजय जैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती मोना देवी पत्नी श्री संजय जैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य श्रीमती पल्लवी गोलेछा द्वारा फ्लैट/यूनिट नम्बर 303 सैकिण्ड फ्लोर Saumya Enelave फ्लॉट नम्बर बी-9, तिलक नगर, जयपुर में स्थित है, जिसका बिल्टअप एरिया 1454.84 वर्गफीट है को क्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति को विजय कुमार जैन पुत्र स्व. कपूर चन्द जैन एवं श्रीमती शोभा जैन पत्नी श्री अजय कुमार जैन ने जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र 12.03.2008 द्वारा M/s Jagdamba Buildeon P.Ltd. जरिये डायरेक्टर Mukesh Khurana से क्रय कर लिया, विजय कुमार जैन ने उक्त वर्णित सम्पत्ति में से अपने 1/2 अविभाजित हिस्से बाबत अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा दिनांक 10.12.2015 को अपनी पुत्रवधू श्रीमती शोभा जैन के हित में निष्पादित कर दिया। विजय कुमार जैन का स्वर्गवास 19.04.2016 को हो गया। विजय कुमार जैन के स्वर्गवास के पश्चात उक्त वसीयतनामा प्रभावी हो गया तथा उक्त वसीयतनामे के आधार पर उक्त वर्णित सम्पत्ति में से उनके 1/2 अविभाजित हिस्से की शोभा जैन मालकिन, स्वामीनी, काबिज व अधिकारी है। उक्त सम्पति का शोभा जैन के हित में दस्तावेज निष्पादित नहीं हुआ है। शोभा जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है, उक्त सम्पत्ति बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बेंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, उत्तराधिकारी इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, ऐतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात इस आम सूचना बाबत कोई भी आपत्ति/ ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
बी.सी. सांखला, एडवोकेट, मो. 9829063273

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों के
मुकदमा नम्बर 17/2025 (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री सुदर्शन सिंह सुरपुरा ने पंजीकृत प्रन्यास श्री भवानी निकेतन एज्यूकेशन एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, सीकर रोड, जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 07 जयपुर 1995 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास के नवनिर्वाचित कार्यकारी परिषद् के सदस्यों के नाम प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख किये जाने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिस